Digitized by Kanya Maha Vidyalaya, Jalandhar
Original with KMV Library

**Exam. Code : 216302**
**Subject Code : 6433**

# M.A. (Hindi) 2nd Semester

# ADHUNIK HINDI KAVYA

## Paper—VI

Time Allowed—3 Hours] [Maximum Marks—80

**सूचना**—निर्देशानुसार सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**भाग—क**

1. निम्नलिखित में से किन्हीं चार की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :— 6×4=24

(अ) मैं तुम्हारी ओर आया हूँ
ओ मेरी छोटी-सी ज्योति !
कभी कुहासे में तुम्हें न देखता भी
पर कुहासे की ही छोटी-सी रूपहली झलमल में
पहचानता हुआ तुम्हारा ही प्रभा-मण्डल।

(ब) द्वीप हैं हम।
यह नहीं है श्राप । यह अपनी नियति है।
हम नदी के पुत्र हैं। बैठे नदी के क्रोड में।
वह वृहद भूखंड से हमको मिलाती है।
और वह भूखंड
अपना पितर है।

Digitized by Kanya Maha Vidyalaya, Jalandhar
Original with KMV Library

(स) परम अभिव्यक्ति
लगातार घूमती है जग में
पता नहीं जाने कहां, जाने कहां
वह है।
इसीलिए मैं हर गली में
और हर सड़क पर
झाँक झाँक देखता हूँ हर एक चेहरा।

(ह) एकाएक मुझे भान होता है जग का,
अखबारी दुनिया का फैलाव,
फंसाव, घिराव, तनाव है सब ओर,
पत्ते न खड़के,
सेना ने घेर ली हैं सड़कें।
बुद्धि की मेरी रज
गिनती है समय की धक् धक्।
यह सब क्या है ?

(य) और बाबूजी ! असल बात तो यह है कि जिंदा रहने के पीछे
अगर सही तर्क नहीं है
तो रामनामी बेचकर या रण्डियों की
दलाली करके रोजी कमाने में
कोई फर्क नहीं है



(र) मगर अब चीजों के गलत होने का
पता चल गया है।
एक रिश्ता गलत समय देने लगा है;
उसकी मरम्मत के लिए
घड़ीसाज की दुकान पर जाना
सरासर भूल है।

## भाग—ख

2. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** लघुउत्तरापेक्षी प्रश्नों के उत्तर दीजिए :— 6×4=24

(अ) अज्ञेय की कविता असाध्य वीणा के प्रतिपाद्य पर विचार कीजिए।

(ब) मुक्तिबोध के फैंटेसी विधान पर नोट लिखिए।

(स) धूमिल की जनवादी चेतना पर विचार कीजिए।

(ह) श्री नरेश मेहता का सामान्य परिचय दीजिए।

(य) छायावादोत्तर काव्यांदोलन में अज्ञेय के योगदान पर टिप्पणी लिखिए।

(र) भारत भूषण अग्रवाल का सामान्य परिचय दीजिए।

## भाग—ग

3. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों का दीर्घ उत्तरापेक्षी उत्तर दीजिए :— 16×2=32

(अ) अज्ञेय के काव्य की साहित्यिक विशेषताएं उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

(ब) 'अंधेरे में' कविता के कथ्य का विवेचनात्मक परिचय दीजिए।

(स) 'साठोत्तरी हिन्दी कविता और धूमिल' विषय पर विवेचनात्मक निबंध लिखिए।

Digitized by Kanya Maha Vidyalaya, Jalandhar
Original with KMV Library

15/5/2018 EVE

**Exam. Code : 216302**
**Subject Code : 6434**

# M.A. (Hindi) 2nd Semester
# HINDI SAHITYA KA ITIHAS
## Paper—VII

Time Allowed—3 Hours] [Maximum Marks—80

**नोट** :— यह प्रशनपत्र दो खंडों में विभक्त है। निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।

## खण्ड—1

निम्न में से किन्हीं **8** का उत्तर दीजिए :— 6×8=48

1. आधुनिक काल की सांस्कृतिक पृष्ठभूमि को स्पष्ट कीजिए।
2. भारतेंदु मंडल के लेखकों का परिचय दीजिए।
3. खड़ी बोली के साहित्य के विकास में सरस्वती पत्रिका के योगदान का उल्लेख कीजिए।
4. प्रगतिवादी कविता की विशेषताएं लिखिए।
5. एक कवि के रूप में अज्ञेय के योगदान को रेखांकित कीजिए।
6. संस्मरण और रेखाचित्र विधा का परिचय दीजिए।
7. सामाजिक यथार्थवादी उपन्यासकारों का परिचय दीजिए।
8. अकहानी आंदोलन का परिचय दीजिए।
9. तिलिस्मी ऐयारी कथा साहित्य का परिचय दीजिए।
10. समस्या नाटक का परिचय दीजिए।
11. एक कवि के रूप में मैथिलीशरण गुप्त के योगदान की चर्चा कीजिए।
12. हिंदी गद्य के विकास में पत्र-पत्रिकाओं की भूमिका की चर्चा करें।

Digitized by Kanya Maha Vidyalaya, Jalandhar
Original with KMV Library

## खण्ड—2

निम्न में से किन्हीं **2** का उत्तर दीजिए :— 16×2=32

1. हिंदी नाटक के उद्भव और विकास पर एक लेख लिखिए।
2. हिंदी की नव्यतर विधाओं के विकास पर एक लेख लिखिए।
3. हिंदी कविता में प्रयोगवाद युग के योगदान पर विस्तार से चर्चा कीजिए।
4. हिंदी आलोचना में रामचंद्र शुक्ल और हजारी प्रसाद द्विवेदी के स्थान का निर्धारण कीजिए।

Digitized by Kanya Maha Vidyalaya, Jalandhar
Original with KMV Library

**Exam. Code : 216302**
**Subject Code : 6435**

**M.A. (Hindi) 2nd Semester**

# PASHCHATYA KAVYASHASTRA

**Paper—VIII**

Time Allowed—Three Hours] [Maximum Marks—80

**नोट :—** यह प्रश्न-पत्र दो भागों में विभाजित हैं। निर्देशानुसार उत्तर दें।

## भाग—एक

**निर्देश :—** निम्नलिखित लघु प्रश्नों में से किन्हीं आठ के उत्तर दीजिए। 8×6=48

1. प्लेटो के प्रत्ययवाद को स्पष्ट करें।
2. प्लेटो के काव्य संबंधी मान्यताओं पर विचार करें।
3. अरस्तु के त्रासदी सिद्धांत पर प्रकाश डालें।
4. विरेचन सिद्धांत की कलापरक व्याख्या को स्पष्ट करें।
5. लोंजाइनस के अनुसार उदात्त की अवधारणा स्पष्ट करें।
6. मैथ्यू आर्नल्ड के द्वारा बताए गए आलोचना के स्वरूपगत प्रकार्यों की चर्चा करें।
7. रिचर्डस के काव्य-भाषा सिद्धान्त पर प्रकाश डालें।
8. इलियट को निर्वैयक्तिकता के सिद्धांत को स्पष्ट करें।

Digitized by Kanya Maha Vidyalaya, Jalandhar
Original with KMV Library

9. अभिव्यंजनावाद पर सारगर्भित नोट लिखें।

10. मार्क्सवाद पर सारगर्भित नोट लिखें।

11. आधुनिकतावाद की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए सारगर्भित नोट लिखें।

12. निम्नलिखित काव्यांश की स्वविवेक के अनुसार समीक्षा कीजिए :

"अकेला आदमी जब
एक तंत्र के ख़िलाफ़ लड़ता है
तो अपने सारे हथियारों के बावजूद
एक काले पहाड़ से
निहत्थी लड़ाई ही करता है
और अंत एक दिन
अपने ही लहूलुहान चेहरे से डरता है''

## भाग—दो

**निर्देश** :— निम्नलिखित किन्हीं **दो** प्रश्नों के विस्तृत उत्तर दीजिए :— 16×2=32

1. अरस्तु द्वारा प्रतिपादित अनुकरण सिद्धांत पर प्रकाश डालें।
2. आई.ए. रिचर्डस के मूल्य सिद्धांत पर प्रकाश डालें।
3. अस्तित्ववाद का सैद्धांतिक परिचय देते हुए अस्तित्ववाद की मुख्य प्रवृत्तियों का उल्लेख करें।

Digitized by Kanya Maha Vidyalaya, Jalandhar
Original with KMV Library

**Exam. Code : 216302**
**Subject Code : 6436**

**M.A. (Hindi) 2nd Semester**

**MEDIA LEKHAN**

**Paper—IX**

Time Allowed—Three Hours] [Maximum Marks—80

**नोट :—** यह प्रश्न पत्र दो भागों में विभाजित हैं। निर्देशानुसार उत्तर दें।

**भाग—I**

निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं आठ प्रश्नों के उत्तर दें :—
8×6=48

1. दूर संचार के क्षेत्र को किस प्रकार की चुनौतियों का समाना करना पड़ रहा है ?
2. आज के समय में रेडियो की उपयोगिता पर प्रकाश डालें।
3. मुद्रित जनसंचार माध्यमों के स्वरूप पर प्रकाश डालें।
4. इंटरनेट की उपयोगिता पर चर्चा करें।
5. फीचर लेखन कला पर प्रकाश डालें।
6. रिपोर्ताज के स्वरूप को रेखांकित करें।
7. दृश्य माध्यमों में भाषा की प्रकृति पर चर्चा करें।
8. विज्ञापन किस प्रकार की भाषा की अपेक्षा रखता है और क्यों ?

Digitized by Kanya Maha Vidyalaya, Jalandhar
Original with KMV Library

9. साहित्यिक विधाओं का दृश्य माध्यम में रूपांतरण करते समय किन अपेक्षाओं की आवश्यकता रहती है ?

10. टेली ड्रामा से क्या अभिप्राय है ?

11. निम्नलिखित पारिभाषिक शब्दों का अंग्रेजी में अनुवाद करें :

(क) प्रकोष्ठ (ख) परिशिष्ट

(ग) प्रारूप (घ) राजपत्र

(ङ) मण्डल (च) साक्ष्यांकित।

12. निम्नलिखित पारिभाषिक शब्दों का हिन्दी में अनुवाद करें :—

(क) Trilingual (ख) Maturity

(ग) Write off (घ) Mandate

(ङ) Tender (च) Gratuity

**भाग—II**

निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दें :—

16×2=32

1. समाचार लेखन के समय किन सावधानियों की आवश्यकता रहती है ?

2. दृश्य और श्रव्य सामग्री के सामंजस्य की क्या अपेक्षाएं हैं ?

3. रेडियो नाटक की विशेषताओं को रेखांकित करें।

Digitized by Kanya Maha Vidyalaya, Jalandhar
Original with KMV Library

Exam. Code : 216304
Subject Code : 6461

# M.A. (Hindi) 4th Semester
# ADHUNIK GADHYA SAHITYA
## Paper–XVII

Time Allowed—3 Hours] [Maximum Marks—80

नोट :— निर्देशानुसार सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

### खण्ड–क

निम्नलिखित किन्हीं चार गद्यांशों की व्याख्या कीजिए : 6×4=24

1. सत्, चित् और आनंद — ब्रह्म के उन तीन स्वरूपों में से काव्य और भक्तिमार्ग, आनन्द स्वरूप को लेकर चले । विचार करने पर लोक में इस आनंद की अभिव्यक्ति की दो अवस्थाएं पाई जाएंगी — साधृवावस्था और सिद्धावस्था । अभिव्यक्ति के क्षेत्र में ब्रह्म के आनन्द स्वरूप का सतत् आभास नहीं रहता, उसका आविर्भाव और तिरोभाव होता रहता है ।
2. लेकिन पुष्पित अशोक को देखकर मेरा मन उदास हो जाता है । इसलिए नहीं कि सुंदर वस्तुओं को हतभाग्य समझने में मुझे कोई विशेष रस मिलता है । कुछ लोगों को मिलता है । वे बहुत दूरदर्शी होते हैं । जो भी सामने पड़ गया, उसके जीवन के अंतिम मुहूर्त्त तक का हिसाब वे लगा लेते हैं । मेरी दृष्टि इतनी दूर तक नहीं जाती ।

Digitized by Kanya Maha Vidyalaya, Jalandhar
Original with KMV Library

3. मेरे पास अब बहुत साल नहीं है जीने को । पर जितने हैं, उन्हें मैं इसी तरह और निभाते हुए नहीं काटूँगी । मेरे करने से जो कुछ हो सकता था इस घर का, हो चुका आज तक । मेरी तरफ से अब यह अन्त है उसका — निश्चित अंत।

4. मैं यहां थी, तो मुझे कई बार लगता था कि मैं एक घर में नहीं, चिड़ियाघर के एक पिंजरे में रहती हूं जहां.....आप शायद सोच सकते कि क्या-क्या होता रहा है यहाँ । डैडी का चीखते हुए ममा के कपड़े तार-तार कर देना......उनके मुँह पर पट्टी बांधकर उन्हें बन्द कमरे में पीटना......

5. मुझे भूत-प्रेत आदि का डर लगता था । रम्भा ने मुझे समझाया कि इसकी दवा राम नाम है । मुझे तो रामनाम से भी अधिक श्रद्धा रम्भा पर थी, इसलिए बचपन में भूत-प्रेतादि के भय से बचने के लिए मैंने रामनाम जपना शुरू किया ।

6. हम दोनों जूठी बीड़ी चुराकर पीने और नौकर के पैसे चुराकर बीड़ी खरीदने और फूंकने की आदत भूल गए । फिर बड़ेपन में बीड़ी पीने की इच्छा नहीं हुई । मैंने हमेशा यह माना है कि यह आदत जंगली, गन्दी और हानिकारक है । दुनिया में बीड़ी का इतना जबरदस्त शौक क्यों है, इसे मैं कभी समझ नहीं सका हूँ ।

## खण्ड–ख

निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** लघु उत्तरापेक्षी प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 6×4=24

1. 'सौंदर्य की उपयोगिता' के प्रतिपाद्य यानी साहित्य, सौंदर्य और कला के परस्पर सम्बंधों पर टिप्पणी लिखिए ।



2. 'पगडंडियों का जमाना' निबन्ध की निबंध लेखन सम्बंधी विशेषताओं को संक्षिप्त रूप में प्रस्तुत कीजिए ।
3. आधे-अधूरे की कथ्य-चेतना पर टिप्पणी लिखिए ।
4. आधे-अधूरे में किए नए नाट्य प्रयोग पर विचार कीजिए ।
5. आत्मकथाकार यशपाल का सामान्य परिचय दीजिए ।
6. 'मेरी आत्मकथा' के संदर्भ में गान्धी जी के व्यक्तित्व का संक्षिप्त विश्लेषणं प्रस्तुत कीजिए ।

## खण्ड–ग

निम्नलिखित में से **दो** दीर्घ उत्तरापेक्षी प्रश्नों का उत्तर दीजिए। 16×2=32

1. "काव्य में लोकमंगल की साधनावस्था" निबन्ध में आचार्य शुक्ल जी के प्रतिपाद्य का विवेचन कीजिए ।

2. 'आधे-अधूरे' के आधार पर मोहनराकेश की नाट्य-भाषा की भाषागत उपलब्धियों का विवेचन कीजिए ।

3. आत्मकथा कला के आधार पर "मेरी आत्मकथा" का मूल्यांकन कीजिए ।

Digitized by Kanya Maha Vidyalaya, Jalandhar
Original with KMV Library

**Exam. Code : 216304**
**Subject Code : 6462**

## M.A. (Hindi) 4th Semester

## HINDI BHASHA AUR DEVNAGRI LIPI

## Paper—XVIII

Time Allowed—Three Hours] [Maximum Marks—80

### भाग—I

**नोट :—** किन्हीं आठ प्रश्नों के उत्तर दीजिये। प्रत्येक प्रश्न 6 अंकों का है।

1. लौकिक संस्कृत का तात्पर्य स्पष्ट कीजिये।
2. प्राकृत भाषाओं के स्वरूप को समझाइये।
3. अपभ्रंश का अर्थ बताएं एवं दो विशेषताएं बताएं।
4. अपभ्रंश की एक बोली की तीन विशेषताएं बताएं।
5. पश्चिमी हिन्दी की तीन विशेषताएं बताएं।
6. एक मध्यकालीन आर्य भाषा की स्थिति स्पष्ट करें।
7. राजस्थानी हिन्दी के तीन क्षेत्रों का परिचय दीजिये।
8. पश्चिमी हिन्दी के क्षेत्रों को रेखांकित कीजिये।
9. हिन्दी की भाषिक यात्रा के पड़ावों को स्पष्ट कीजिये।
10. हिन्दी उपसर्ग की कितनी कोटियां हैं ? स्पष्ट कीजिये।
11. समास को परिभाषित कीजिये।
12. पदक्रम क्या होता है ? स्पष्ट कीजिये।

Digitized by Kanya Maha Vidyalaya, Jalandhar
Original with KMV Library

## भाग—II

**नोट :—** किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिये। प्रत्येक प्रश्न **16** अंक का है।

1. देवनागरी लिपि का स्वरूप स्पष्ट करते हुए उसकी वैज्ञानिकता पर एक सारगर्भित लेख लिखिये।
2. भूमंडलीयकरण के दौर में हिन्दी की स्थिति पर एक सारगर्भित लेख लिखिये।
3. सुनीति कुमार चैटर्जी के अनुसार आधुनिक भारतीय आर्यभाषाओं का वर्गीकरण कीजिये।